श्री अनुराग शर्मा (झांसी): महोदय, यह उत्सव का समय है, भारत के खिलाड़ियों द्वारा टोक्यो ओलंपिक में किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन पर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। ऐसे समय में फील्ड हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को हम सभी याद कर रहे हैं, दद्दा ध्यानचंद के कारण ही भारत ओलंपिक्स में फील्ड हॉकी में 3 बार स्वर्ण पदक जीता है, आज भी उनके द्वारा किए गए 570 गोल्स का रिकॉर्ड, एक एशियाई रिकार्ड है। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को ही हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं, लंबे समय से इस देश में मेजर ध्यानचंद को खेलों में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए भारत रत्न देने की मांग उठाई जाती रही है। अतः मेरी आपके माध्यम से माननीय खेलमंत्रीजी और माननीय गृहमंत्रीजी से मांग है कि जनभावना को देखते हुए राष्ट्रीय खेल के महान खिलाड़ी झांसी के दद्दा, मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से सम्मानित करने का कष्ट करें।

(इति)

Re: Need to ensure benefit of Fasal Bima Yojana to farmers of Hanumangarh and Sriganganagar districts in Rajasthan

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मेरे संसदीय क्षेत्र में बहुत से किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ अभी भी नहीं मिल पा रहा है। बैंक और बीमा कंपनियों के द्वारा गलत डाटा अपलोड करने के कारण बहुत से किसानों को प्रीमियम जमा करने के बाद भी नुकसान के हर्जाने के रूप में मिलने वाला लाभ अभी तक नहीं मिल सका है। वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2020 के मध्य बहुत से किसान इस योजना के लाभ से वंचित रह गए है। जिला हनुमानगढ़ में पीलीबंगा तहसील के बहुत से किसानों की बरानी भूमि को इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा गलत अंकित किया गया है, ऐसे ही श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ तहसील के किसानों को केवल बुवाई प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाने पर इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है। केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के वंचित किसानों को इस योजना का लाभ जल्द से जल्द दिया जाए।

(इति)

Re: Need to sanction & implement scheme for supply of piped natural gas in Jaipur, Rajasthan

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी व पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आपने देश में हर साल लगभग 5 लाख ग्रामीण महिलाओं को घरेलू प्रदूषण के कारण होने वाली मौत से बचाया है और यह सब प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के सफल क्रियान्वयन से संभव हो पाया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी का 04 दिसम्बर, 2015 को जयपुर जिले के जोबनेर स्थित आसलपुर ग्राम में कोटा-जोबनेर बहउत्पादन पाईप लाईन एवं जोबनेर संस्थापन को राष्ट्र को समर्पण अवसर पर की गई घोषणा की ओर आकर्षित करना चाह रहा हूं जिसमें आपने स्मार्ट शहरों के लिए चयनित जयपर. अजमेर, कोटा और उदयपुर में पाईप लाईन से गैस आपूर्ति करने की योजना थी, लेकिन अभी तक इस महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत प्रथम चरण में चयनित जयपुर शहर में पाईप लाईन के माध्यम से गैस आपूर्ति योजना अभी भी मूर्तरूप नहीं ले पाई है, जबकि जमीन पर तेल एवं गैस के उत्पादन में राजस्थान देश का सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि जयपुर में भी पाईप लाईन गैस आपूर्ति करने की योजना की स्वीकृति शीघ्र दें, जिससे जयपुरवासियों को पाईप लाईन द्वारा गैस मिले और उसका लाभ प्राप्त कर सकें।

(इति)

Re: Need to review tender process for awarding government projects

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): महोदय सम्पूर्ण के ध्यान मे है कि केंद्र और राज्य सरकारों के द्वारा विभिन्न विभागों के निर्माण कार्य यथा सड़क, बिजली, पानी, तालाब, नहर, शिक्षा, चिकित्सा टेंडर द्वारा होते है। विभाग या शासन द्वारा बनायी गई लागत मूल्य से अत्यधिक कम दर (35% तक) पर करना स्वीकार करते है एवं शासन/विभाग को सबसे कम दर के सफल निर्माणकर्ता को कार्य करने की अनुमति देनी पड़ती है। अत्यधिक दर कम होने से सफल टेंडर लेने वाली फर्म या व्यक्ति द्वारा समय सीमा मे या तो कार्य नहीं होता या काम गुणवत्ता का नहीं होता है या कई बार नुकसान होने के कारण टेंडर प्राप्तकर्ता कार्य छोड़ देता है या विभाग द्वारा कार्य ठीक न होने, समय पर न करने आदि कारणों से निरस्त करना पड़ता है। इससे जहां कार्य प्रभावित होता है वहीं जनता को अधूरे निर्माण कार्य से तकलीफ होती है। रेटेंडर करने मे समय ज्यादा लगता है, लागत व्यय बढ़ जाती है जिससे शासन का नुकसान होता है एवं इसका दुष्परिणाम जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ता है।

जो डी पी आर बनती है या तो वह त्रुटिपूर्ण है या अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के चलते कम दर पर टेंडर डालने से है। यदि एस प्रक्रिया पर कोई राईडर लगे या डी पी आर एवं कम दर के अंतर की राशि टेंडर प्राप्तकर्ता से जमा करायी जाए एवं कार्य पूर्ण हो जाए तभी उसकी राशि लौटायी जाए या उस राशि से अपूर्ण कार्य को पूरा किया जाए।

(इति)

Re: Rapid growth of Julie Flora (Vilayati Babul) in Rajasthan particularly in Dausa parliamentary constituency, Rajasthan

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): सम्पूर्ण देश में दशकों पूर्व देश की धरती पर (जूली फ्लोरा) विलायती बबूल के बीजों का हेलीकोप्टर से छिड़काव किया था। आज यह समस्या इतनी बड़ी हो गई है कि राजस्थान के उपजाऊ चारागाह एवं पठारी व पहाड़ियां इस वृक्ष के कारण वांजर ही नहीं बल्कि कांटो भरी हो गई है। इस वृक्ष को बकरियां या पशु भी नहीं खाते। मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में इसकी बहुतायत इतनी हो गई है कि गांवों के रास्ते भी छोटे हो गये। मैं सदन के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से अपील करना चाहती हूं कि सरकारी अभियान चलाकर विलायती बबूल को नष्ट करके इमारती व पशुओं के खाने योग्य वृक्षों व पौधों के रोपण का काम शीघ्र किया जाए। इस विदेशी बबूल के कांट से कैंसर जैसे रोग ग्रामीण क्षेत्र में फैल रहे हैं। आज इस वृक्ष ने उपजाऊ ओर उपयोगी भूमि का सर्वनाश कर दिया है। शीघ्र ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

(इति)

Re: Need to set up a bench of Rajasthan High Court at Udaipur in the State

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मा0 अध्यक्ष महोदय, डूँगपरु, बाँसवाड़ा, उदयपुर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है यहाँ के लोगो की माली हालत बहुत ही खराब है। छोटे-बड़े मुकदमें होते रहते हैं, इसको लड़ने के लिए 500 से 5500 कि0मी0 दूर जोधपुर हाई कोर्ट के बैंच जाना आना पड़ता है। गरीब क्षेत्र है लोगो की बहुत ही परेशान है। उदयपुर हाई कोर्ट के एक बैंच के लिए लम्बे समय से यहाँ के लोगो की जनप्रतिनिधियों से माँग रही है। मा0 अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माँग करता हूँ कि उदयपुर संभाग व विशेष कर मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लिए जोधपुर राजस्थान हाई कोर्ट की एक बैंच उदयपुर में स्थापित की जाए।

(इति)

Re: Need to review the decision to privatise NMDC's Nagarnar Steel Plant in Bastar District, Chhattisgarh

श्री दीपक बैज (बस्तर): भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले अंतर्गत एनएमडीसी का नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण किया जा रहा है। 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक खर्च करके तकरीबन 15 वर्षों से निर्माणाधीन प्लांट से स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर और विकास का रास्ता प्रशस्त होने वाला था कि केन्द्र सरकार इसका विनिवेश कर निजी हाथों को सौपने जा रही है। प्लांट हेतु 610 हैक्टेयर जमीन किसानों से अधिग्रहित है।

महोदय, छत्तीसगढ़ सरकार विधानसभा में 28 दिसंबर 2020 को इस प्लांट के संचालन हेतु प्रस्ताव पास करवारकर केन्द्र को भेजा है। राज्य सरकार चाहती हैं कि सरकारी संपत्ति निजी हाथों में न जाए जिससे स्थानीय लोगों का चहु चहुंमुखी विकास का रास्ता प्रशस्त हो।

मेरी मांग है कि एनएमडीसी का नगरनार स्टील प्लांट का केन्द्र सरकार निजीकरण न करें और केन्द्र सरकार इसे चलाने में सक्षम नहीं है तो राज्य सरकार के प्रस्ताव के अनुसार राज्य को इस संयंत्र को सौप दें।

(इति)

Re: Early commissioning of Pudukottai-Thanjavur via Gandarvakottai new railway line

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR (TIRUCHIRAPPALLI): The Survey for Pudukottai -- Thanjavur *Via.* Gandarvakottai New Railway Line Project (65 Kms.) was sanctioned in 2012-2013. However, no progress has been made in this respect so far.

Pudukottai, a district headquarters, in Tamil Nadu is having a number of educational institutions and places of historical importance. Various Central / State Government offices, PSUs are functioning and families of Ex. Servicemen are also settled here. However, Pudukottai is having only limited train facilities and with the result, people are facing a lot of difficulties. If this proposed project is implemented, it will further promote industrialization and tourism.

As this project is a long pending demand of the people of this region, I humbly urge upon Hon'ble Minister of Railways to take necessary steps for early commissioning of Pudukottai — Thanjavur *Via.* Gandarvakottai New Railway Line project by allocating adequate funds without delay.

(ends)

Re: Covid-19 vaccination drive in the country

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): Vaccination drive in India is too slow when compared with other countries. Even after developing vaccines in our country, it is sad that our fellow citizens are not able to get it. Many of the states which hold proper testing procedures show a high number of new Covid 19 cases every day. Test positivity rate is also increasing. Locking down the people will not help to address this crisis as people are in desperate need for livelihood. Therefore, vaccination is the only possible way to prevent Covid 19 crisis. The Central Government should distribute enough vaccines for the whole country and West Bengal in particular immediately.

(ends)

Re: 6 laning of Anakapalli-Annavaram-Diwancheruvu section

DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE): 6-Laning of Anakapalle-Annavaram-Diwancheruvu Section is highly needed due to the following reasons: 1. Target Traffic of 40,000 Passenger Car Equivalent (PCU) already exceeded for Anakapalle-Annavaram Section and Target Traffic will exceed 40,000 PCU in near future for Annavaram – Diwancheruvu Section. 2. All adjacent Projects are already upgraded to 6-Laning. Hence, Anakapalle – Annavaram – Diwancheruvu Section has become bottleneck with 4-Lane facilities and 6-Lane traffic.

(ends)

Re: Need to extend the benefit of pension to employees of Jawahar Navodaya Vidyalaya

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना पूरे भारत में दिनाक 05 अगस्त 1985 को कैबिनेट नोट के माध्यम से हुई और नवोदय विद्यालय समिति का पंजीकरण सोसाइटी एक्ट के तहत दिनाक 28 FEBRUARY 1986 में हुआ लेकिन नवोदय विद्यालय के कर्मियों को भारत सरकार ने पेंशन के लिए मंजूरी नहीं दी। कारण सिर्फ यह था की कट ऑफ डेट दिनाक 01 JANUARY 1986 थो जबकि 01 JANUARY 1986 के बाद स्थापित हुई संस्थाये जैसे NIOS, ITBP Schools, ITI आदि संस्थाओ की पेंशन मंजूर हुई है।

लेकिन नवोदय विद्यालय के कर्मी आज भी पेंशन से वंचित है।अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि नवोदय विद्यालय के कर्मियों की पेंशन उन्हें दिलवाने के लिए संबंधित विभाग में जरुरी दिशा-निर्देश देने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to provide funds for Araria – Galgalia Railway line Project in Bihar

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): अररिया - गलगलिया नई रेल परियोजना जो तेजी से चल रही है इस वर्ष बजट में बहुत कम राशि का आवंटन हुआ है, फल स्वरुप काम रुक गया है |इसे रिवीजन कर सूटेबल रिवाइज आवंटन कर काम को चालू रखा जाए जिससे आज़ादी के बाद पहली बार क्षेत्र के लोगो को रेलगाड़ी देखने का मौका मिल सके | सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेललाइन जो प्रतापगंज से भीमनगर- बथनाहा 1934 के भूकंप में नष्ट हुई थी अभी तक वैसे ही पड़ी है, इसे पुनः चालू कर नेपाल के साथ जोड़ा जाए ताकि बॉर्डर क्षेत्र की गरीब जनता को इसका लाभ मिल सके |

(इति)

Re: Improvement and modernization of stormwater drainage system of Cuttack

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): The Union Government has launched Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) with the overarching aim of providing basic civic amenities like water supply, sewage, urban transport, parks etc. in urban areas. Odisha Government, as per Service Level Improvement Plan (SLIP) under AMRUT, had submitted a project with a cost of Rs.3,700 crore for the development of stormwater drainage system in AMRUT cities.

Over the past few years, a large number of drainage systems in many urban areas of Odisha have collapsed, thereby resulting in flooding. This is evident during the monsoon season in major cities such as Cuttack, Bhubaneswar, Sambalpur, Brahmaptir and Puri In cities prone to rainstorms, proper disposal of surplus stormwater is essential to avoid waterlogging. Due to environmental decline and unauthorised constructions, there has been a severe deterioration in the condition of drainage system.

Since the cost of developing proper stormwater drainage systems in urban zones is getting costlier, Odisha State Government has pleaded for more funding. The request is pending for long. I would urge upon the Union Government to grant approval for the improvement and modernization of stormwater drainage system of Cuttack.

(ends)

Re: Need to make available fertilizers & seeds to farmers and also set up procurement centres for wheat and paddy in Shrawasti parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): अध्यक्ष महोदय हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती व जिला बलरामपुर मे खाद एवं बीज की अनुपलब्धता किसानो की महत्वपूर्ण की समस्या है ,खाद एवं बीज समय पर सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है जिससे किसान को खाद बीज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और किसानो के धान खरीद के लिए प्रर्याप्त क्रय केन्द्र खोला जाय और जितने धान/ गेहूँ खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन किसानो के किये जाय वे तय समय के भीतर क्रय किये जाय। पिछले वर्ष किये गये धान / गेहूँ .खरीद के लिये रजिस्ट्रेशन का अव तक तौल नही हो पाया है। महोदय आप के माध्यम से कृषि मंत्रालय से मांग है कि खाद बीज समय पर किसानों को उपलब्ध कराया जाय और किसानो की धान खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में कय केन्द्र खोला जाय जिससे किसानों को खाद एवं बीज और गेहूँ /धान का खरीद / बिक्री आसानी से कर सकें।

(इति)

Re: New BG line between Patancheru (Nagulapalli) – Sangareddy – Jogipet - Medak stations

SHRI KOTHA PRABHAKAR REDDY (MEDAK): I would like to draw the kind attention of the House towards the need to take up new BG line between Patancheru (Nagulapalli) – Sangareddy – Jogipet -Medak stations which falls in my Medak Parliamentary Constituency in Telangana State.

The Reconnaissance Engineering-Cum-Traffic Survey report has already been submitted by the South Central Railway for new BG line between Patancheru (Nagulapalli) – Sangareddy – Jogipet - Medak stations having the length of 89.10 km with an estimated cost of Rs. 1764.92 crores.

I would like to state that this new railway line is very much important to meet the demands of the local railway passengers and the demand pending since long and on the occasion, I assure you that the State Government will extend all the required cooperation to take forward this project without any further late.

Hence, I request the Hon'ble Minister of Railways to take up this new railway line on TOP PRIORITY BASIS.

(ends)

Re: Release of socio-economic and caste census-2011

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): The Socio-Economic and Caste Census (SECC) 2011 is yet to be published by the Centre. Because of a lack of empirical data on OBCs, 5 OBC reserved seats in Maharashtra were challenged in the High Court in 2017 and later in the Supreme Court. The Chief Minister of Maharashtra on 1st August 2019 has written to the Centre requesting the release of SECC, which was to be produced within 8 weeks in the Supreme Court. But the Centre did not respond. Thereafter, the Supreme Court in its judgement on 4th March 2021, held that the validity of reservation for OBCs cannot be justified without empirical evidence of their backwardness. Because of the lack of empirical data on caste, nearly 56,000 elected OBC representatives in Maharashtra and more than 9 lakh OBC representatives across India, face the danger of losing democratically elected reserved seats. Therefore, I urge the Centre to release SECC 2011 to States.

(ends)

Re: Inclusion of Subabul and Eucalyptus under Non-GST items

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): As per the definition of 'Agricultural Produce' given under the CGST Act, 2017, agricultural produce should be produced out of cultivation of plants, on which only barebones processing is done to help their marketability in primary markets. No further processing by the cultivator is permitted so that it alters its physical form and chemical constitution. Such agricultural produce does not attract any GST (Nil). But presently, Subabul and Eucalyptus are taxed at 18% GST bracket, under HSN 4403 – 'wood in the rough'. I urge the government to include Subabul and Eucalyptus under either HSN 440290 (wood charcoal) or 440110 (firewood), both of which attract 0% GST. I further request that these farmers be provided adequate formal credit through NABARD and Public Sector Banks, and marketing facilities, in line with the recommendations of the Nation Agroforestry Policy, 2014. The farmers of these two crops in Andhra Pradesh, are in distress and urgent need of your prized intervention.

(ends)

RE: LIMITED LIABILITY PARTNERSHIP (AMENDMENT) BILL
AND
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION (AMENDMENT) BILL

माननीय सभापति: आइटम नम्बर 20, सीमित दायित्व भागीदारी (संशोधन) विधेयक, 2021 माननीय माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): I beg to move that the Bill further to amend the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Act, 1961, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: माननीय मंत्री जी, आप इस पर कुछ बोलिए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, as regards the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation (Amendment) Bill, we aim to achieve few very important discussion points. You may remember that 2019 onwards, there has been this demand that … (*Interruptions*)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): आपको आइटम नम्बर 20 पहले पढ़ना है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: वे आइटम नम्बर 20 ही पढ़ रही हैं।

… (व्यवधान)

श्रीमती निर्मला सीतारमण: सभापति महोदय**,** डिपोजिट इंश्योरेंस क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन बिल के संबंध में**,** you may recall that in 2019, there were a lot of problems of cooperative banks being in stress and some of them was because the RBI also brought in conditions for them. The depositors were put to a lot of difficulty. It was under the leadership of Prime Minister, Shri Modi that we had raised the amount from Rs. 50,000, where it was, to Rs. 1 lakh so that the small depositors can benefit from the amount that is given to them as an insurance cover. … (*Interruptions*) So, Rs. 1 lakh is the amount which we thought will help many small depositors. About 98 per cent of the cooperative bank deposit holders are small depositors. So, we raised the amount to Rs. 1 lakh. But then the related problem was that till the resolution of the cooperative banks which is under distress is … (*Interruptions*)

Sir, I just want to have a clarification. I have two Bills in my name. Now, am I to deal with the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Bill or the Limited Liability Partnership Bill? Can I have this clarification? … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It is the Limited Liability Partnership Bill.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: So, it is the Limited Liability Partnership Bill. I would please restate my position. I will restate it.… (*Interruptions*)

I beg to move that the Bill to amend the Limited Liability Partnership Act, 2008, as passed by the Rajya Sabha, be taken into consideration.

I am sorry about this confusion. …(*interruptions)*

माननीय सभापति: यह हो सकता है, जब हंगामा हो रहा है तो यह संभव है। Please carry on now.

… (व्यवधान)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: It is very kind of you to give me that little margin. … (*Interruptions*)

LIMITED LIABILITY PARTNERSHIP (AMENDMENT) BILL

1233 hours

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): I beg to move:

> "That the Bill to amend the Limited Liability Partnership Act, 2008, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The Limited Liability Partnership (Amendment) Bill is a very important Amendment Bill. This is an Amendment Bill which aims to bring in ease of doing business for smaller businesses between partnerships and big companies, the corporates. You are aware, Sir, that many of the start-ups in the country and many partnerships which are of chartered accountants and cost accountants have the flexibility of partnership but are not so well regulated as much as the large corporates are. But by regulation, I want to highlight the fact that many aspects of criminality which pertains to them also will have to be brought down now. Criminal offences will have to be brought down to the minimum. Where it is compoundable, we want to compound them and levy only penalties. … (*Interruptions*)

I would like to draw your attention that this Bill was passed originally in 2008 and came into effect in 2009 but from 2009 till today, there has never been an amendment brought in. Today, we want to bring in parity between the large companies which are well regulated: criminal offences have been brought down and ease of business has been brought up whereas the partnerships are having great flexibility. We want to extend that to all the Limited Liability Partnerships: less of compoundable offences, bring them down to ease of doing business and retain the flexibility which partnerships have. That is why, we have brought this Amendment Bill.

(ends)

(1235/SK/SM)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : प्रश्न यह है :

"कि सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 का संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

- - -

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 29 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 29 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पारित किया जाए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय सभापति: प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

- - -

DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION (AMENDMENT) BILL

1236 hours

HON. CHAIRPERSON: Item No.21. Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation (Amendment) Bill.

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Act, 1961, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

माननीय सभापति: माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ कहना चाहती हैं?

… (व्यवधान)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Yes, Sir. Thank you very much.

Sir, I was elaborating on the point that many depositors of the cooperative banks have gone through very difficult times. … (*Interruptions*). As a result, you find that many of them which are under stress – which the Reserve Bank has put under stress even if they have not been under moratorium – are unable to find the resolution. The deposit holders are suffering; senior citizens are affected by it.… (*Interruptions*) Again for the record, I would like to say, in 2019, it was under Prime Minister, Shri Narendra Modi, we increased the amount to rupees one lakh.… (*Interruptions*)

Now, we realise that in spite of having increased it to rupees one lakh, the resolution is getting postponed, as a result of which, till such time the resolution happens, many of the depositors are not getting more than the emergency money for the medical treatment and so on. … (*Interruptions*)

So, in spite of having raised it to rupees one lakh and now to rupees five lakh, we want to make sure that within 90 days, the depositors get the money so that the small depositors who make up for 98 per cent of all depositors will get the money in time, that is, 90 days. … (*Interruptions*) So, this Bill may bring in great relief to all those banks and small cooperative banks which come under stress. … (*Interruptions*)

The more important point I want to highlight here, Sir, is that this will be effective from now. … (*Interruptions*) However, those cooperative banks like the

Rupee Co-operative Bank, PMC Bank, Guru Raghavendra Bank which have already come under stress but are not under moratorium and may have administrators sorting the business out, even their depositors will get rupees five lakh and they will get it within 90 days. … (*Interruptions*)

Now, I want to just request the hon. Members to please participate in this very important discussion. … (*Interruptions*) I remember hon. Member, Shrimati Supriya Sule was talking to me about it a number of times. … (*Interruptions*) I remember very many NCP leaders were talking to me about PMC. … (*Interruptions*) I remember very many Members of Parliament from Karnataka were speaking to me about Guru Raghavendra Bank.… (*Interruptions*)

This is the Bill which is being brought in to benefit small depositors in cooperative banks. … (*Interruptions*). So, I honestly appeal to all the Members from all the parties to understand the importance of this Bill which is being passed keeping the welfare of small depositors in mind, to agree and generously and unanimously pass this Bill today.… (*Interruptions*) Thank you very much.

(ends)

माननीय सभापति: प्रश्न यह है :

"कि निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, विधेयक पर विचार किया जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 7 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 7 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

(1240/MK/KSP)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पारित किया जाए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय सभापति: प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक

1242 **बजे**

माननीय सभापति: आइटम नम्बर-22, संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2021.

माननीय मंत्री जी।

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा): सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि अरुणाचल प्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूची को उपांतरित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 का और संशोधन करने वाले विधयेक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

माननीय सभापति: माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ कहेंगे?

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री अर्जुन मुंडा: सभापति महोदय, आज बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव या विधेयक प्रस्तुत किया गया है, जिससे अरुणाचल प्रदेश के ऐसे भाइयों को न्याय मिल सकेगा, जिन्हें अनुसूचित जनजातियों का लाभ नहीं मिल पा रहा था। … (व्यवधान) अरुणाचल प्रदेश में ऐसे जनजातियों की संख्या, जिन्हें हम नागा ट्राइब के नाम से जानते हैं, बड़ी संख्या में, यानी वहां 99 परसेंट ट्राइबल आबादी है। लेकिन, नागा ट्राइब उनके रिकॉर्ड में न होने के कारण उन्हें यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। … (व्यवधान) आज इस विधेयक के माध्यम से नागा ट्राइब को इलैबोरेट करते हुए, उनके रेवेन्यू रिकॉर्ड्स के आधार पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस विधेयक के माध्यम से उन्हें लाभ मिले। दुनिया आज का दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मना रही है। ऐसे समय में इस विधेयक पर विपक्ष चर्चा नहीं करना चाहता है। … (व्यवधान) इस विधेयक पर विपक्ष अपना सुझाव नहीं देना चाहता है और भागीदार भी नहीं बन रहा है। यह इस बात को दिखाता है कि इन लोगों को जनजातीय और जनजातीय क्षेत्रों के बारे में कोई दिलचस्पी नहीं है।

सभापति महोदय, मैं सदन से आग्रह करता हूं कि इस विधेयक को पारित किया जाए।

(ends)

माननीय सभापति: प्रश्न यह है:

> "कि अरुणाचल प्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूची को उपांतरित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 का और संशोधन करने वाले विधयेक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ</u>

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति: अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

खंड 2

माननीय सभापति: प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री अधीर रंजन चौधरी जी।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Your leader is speaking. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: कृपया आप अपनी सीट पर जाइए। आपके नेता बोल रहे हैं। उनको बालने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: प्लीज आप जाइए तो सही।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please cooperate. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Adhir Ranjanji, please ask your fellow Members to go back to their seats.

… (*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सभापति महोदय, आज के दिन पूरी दुनिया में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मैं हमारी तरफ से अपने आदिवासी भाई-बहनों को नमस्ते करता हूं और बधाई देता हूं। इस अवसर पर हमने आदिवासी के बारे में बहुत कुछ बोलने के लिए मन बनाया था। लेकिन, इस सरकार के अकड़पन, इस सरकार की जिद्दीबाजी **…** (व्यवधान) ये हमें बोलने का मौका नहीं देते हैं। **…** (व्यवधान) सदन में हम इसका प्रतिरोध करते हैं। इसके चलते हमारे आदिवासी भाई-बहन … (व्यवधान)

(1245/SJN/KKD)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, ये गलत आरोप लगा रहे हैं। …(व्यवधान) हम आदिवासियों के प्रति समर्पित हैं। …(व्यवधान) आदिवासियों के उत्थान के लिए और आदिवासियों के कल्याण के लिए हमारी सरकार समर्पित है। …(व्यवधान) उसमें भी आदिवासियों का कल्याण छिपा हुआ है। …(व्यवधान) अधीर रंजन चौधरी जी गलत बोल रहे हैं और सरकार पर गलत आरोप लगा रहे हैं। …(व्यवधान)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर) : सभापति महोदय, आदिवासी दिवस पर तृणमूल कांग्रेस पार्टी की तरफ से हम भी समर्थन देते हैं। …(व्यवधान) आदिवासी पूरी दुनिया में जिस तरह से …(व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : सभापति महोदय, आदिवासी दिवस की आड़ लेकर कांग्रेस पार्टी के जो नेता हैं, वह सरकार पर गलत आरोप लगा रहे हैं। …(व्यवधान)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर) : सभापति महोदय, उसको संभालने के लिए हम सभी लोगों को एक साथ होना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : अभी सुदीप जी बोल रहे हैं।

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर) : सभापति महोदय, मैं आशा करता हूं कि इस बिल को आने वाले दिनों में चर्चा के लिए रख दिया जाए और आज इस बिल को पारित न किया जाए। …(व्यवधान) हम लोगों को बहुत से विषयों पर चर्चा करने से रोक दिया गया है। …(व्यवधान) पेगासस पर चर्चा नहीं की गई है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : विनायक राऊत जी, आप बोलिए। प्लीज आप अपना भाषण स्टार्ट कीजिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : सभापति महोदय, आज आदिवासी दिवस है। …(व्यवधान) हमारे देश के हर एक जिले में लाखों और करोड़ों की संख्या में आदिवासी जमात रहती है और पिछले कई वर्षों से पूरे आदिवासी समाज के पास अभी तक विकास नाम का शब्द नहीं पहुंच सका है। …(व्यवधान) इसलिए हम चाहते हैं कि आदिवासियों के विषय के ऊपर पूरे सदन में गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। …(व्यवधान) लेकिन दुर्भाग्यवश यह बिल बिना चर्चा के पास हो रहा है। …(व्यवधान) इसका मतलब आदिवासियों के ऊपर अन्याय करने की …(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, we are all supporting this Bill. But our point is that it is quite unfortunate that a Bill like this which is for the welfare of the Scheduled Tribes is being passed in such a way. …(*Interruptions*) Similarly, passing of three Bills within 10 minutes like …(*Expunged as ordered by the Chair*) is quite unfortunate. It is against all the rules. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Baalu Ji.

… (*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, the most important Bills of this nature are being passed without having any proper discussion, without participation of the Opposition parties …(*Interruptions*)

This is not correct. We are at the fag end of the Session. The entire Session has been washed out. …(*Interruptions*) At least, on this most important Bill, we should have had some discussion. …(*Interruptions*)

माननीय सभापति : रितेश जी, आप बोलिए। आप बस एक मिनट में अपनी बात कहिए।

… (व्यवधान)

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : सभापति महोदय, मैं बधाई देते हुए इस बिल का समर्थन कर रहा हूं, लेकिन उसी के साथ ही साथ यह अत्यंत ही चिंताजनक है कि यह बिल सदन में बिना चर्चा के पास हो रहा है। …(व्यवधान) यह बिल बिना चर्चा के पास हो रहा है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : किरेन रिजीजू जी, आप एक मिनट के लिए रुक जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सुप्रिया सुले जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती) : सभापति महोदय, आज आदिवासी दिन है। हमारी बहन गीता कोडा जी खुद एक आदिवासी हैं। …(व्यवधान) वह इस बिल पर बोलना चाहती हैं, अगर आप हाउस को ऑर्डर में लाएं, तो हमारी बहन इस पर बोलना चाहती हैं। …(व्यवधान) इस औरत की आवाज को पूरे देश को सुनना चाहिए। …(व्यवधान) गीता जी को बोलना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्या, उनके नेता बोल चुके हैं।

… (व्यवधान)

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती) : सभापति महोदय, अगर आप हाउस को आर्डर में लाएंगे तो अच्छा होगा। हमारी बहन को इस पर बोलना है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : किरेन रिजीजू जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्री (श्री किरेन रिजीजू) : सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि आज विश्व आदिवासी दिवस है। …(व्यवधान) हमारे आदिवासी कल्याण मंत्रालय की ओर से संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक पेश किया गया है। …(व्यवधान) अरुणाचल प्रदेश में ब्रिटिश के जमाने से कई ट्राइब्स का नाम बिल्कुल गायब करके रखा गया था। …(व्यवधान) आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के आदिवासियों को नई पहचान दी है, नया नाम दिया है। …(व्यवधान)

मैं इस सदन के माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। …(व्यवधान) अरुणाचल प्रदेश के लाखों आदिवासी भाइयों और बहनों की ओर से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं। …(व्यवधान) मैं अपोज़ीशन के सांसदों से कहना चाहता हूं कि आप लोग आदिवासी मंत्रियों के खिलाफ नारेबाजी मत कीजिए, क्योंकि यह बिल आदिवासियों के कल्याण के लिए लाया गया है। …(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) : सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो यह संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक है, इसके बारे में सभी लोग बात कर रहे हैं। …(व्यवधान) मुझे बहुत संतोष हो रहा है। …(व्यवधान) लेकिन मैं यह निवेदन करता हूं कि कोई कुछ भी कहना चाहता है। …(व्यवधान)

माननीय मोदी जी की सरकार यह चाहती है कि पूरी चर्चा हो जाए, लंबी चर्चा हो जाए, सार्थक चर्चा हो जाए, लेकिन वेल में चर्चा न करते हुए सभी अपनी-अपनी जगहों पर बैठकर चर्चा करें। …(व्यवधान) कल भी एक बहुत महत्वपूर्ण ओबीसी संबंधित …(व्यवधान) जो कि बहुत बड़ा अमेंडमेंट है, हम उसको भी पारित करना चाहते हैं। …(व्यवधान)

(1250/YSH/RP)

आप सभी चर्चा करने दीजिए। कंस्ट्रक्टिव सजेशन्स देने दीजिए। हम पूरे दिन चर्चा के लिए तैयार हैं।… (व्यवधान) अभी अधीर बाबू जी ने, बीएसपी के सांसदों ने और सुदीप बन्दोपाध्याय जी ने एक-एक मिनट में अपनी बात पूरी की है।… (व्यवधान) मैं चाहता हूँ कि आप पूरी चर्चा करने दीजिए, शांति से करने दीजिए।… (व्यवधान) यह बहुत इम्पॉर्टेंट बिल है। यह बिल ओबीसी समाज के हित के लिए है। मोदी जी ट्राइबल समाज के हित के लिए इस बिल को लेकर आए हैं।… (व्यवधान) इसलिए मैं आपसे हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूँ कि आप कृपा करके अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिए।… (व्यवधान) आप चर्चा कीजिए। मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार चर्चा चाहती है। ओबीसी का इश्यू बहुत बड़ा इश्यू है। यह ओबीसी के हित में है।… (व्यवधान) आप बैठकर चर्चा कीजिए। चर्चा करके इस बिल को पारित कीजिए। हम आपका सजेशन सहर्ष स्वीकार करेंगे।… (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): आप कृपा करके अपनी-अपनी सीट्स पर वापस जाइए।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, को पारित किया जाए।

श्री अर्जुन मुंडा : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1251 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>

(1400/RPS/NKL)

1400 बजे

लोक सभा चौदह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्रीमती रमा देवी पीठासीन हुईं)

1400 बजे

(इस समय श्री हिबी इडन, श्री टी. एन. प्रथापन, सुश्री महुआ मोइत्रा और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी से आग्रह है कि आप लोग अपनी-अपनी जगह पर बैठ जाएं। हम लोग अब कोविड पर चर्चा करेंगे। यह बहुत जरूरी चीज है और चर्चा होनी चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी से आग्रह है कि प्लीज, आप लोग अपनी जगहों पर वापस जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : चर्चा होने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या चर्चा नहीं करनी है? जब आप जाएंगे तो जनता आपसे सवाल पूछेगी, इसलिए चर्चा होने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज, चर्चा होने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 10 अगस्त, 2021 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1402 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 10 अगस्त, 2021 / 19 श्रावण, 1943 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।